News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-83
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

अच्छे तो सभी होते हैं मगर पहचान बुरे वक्त में ही होती है।

# बिहार सिटी चीफ



सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, शुक्रवार, 28 जून 2024

## अजब प्रेम की गजब कहानी: युवक ने बीच सड़क पर भर दी BPSC टीचर की मांग

### शिक्षिका बनने के बाद शादी से कर रही थी इनकार

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ
बंका, बिहार के बांका से अजब प्रेम की गजब कहानी सामने आई है। यहां सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियों में एक युवक बीच सड़क पर बीपीएससी शिक्षिका की मांग में सिंदूर भरता दिख रहा है। शिक्षिका अपने पिता के साथ स्कूल से लौट रही थी, तभी लड़के ने उसे घेर लिया और बीच सड़क पर उसकी मांग भर दी। दरअसल, बांका में सोशल मीडिया पर एक 42 सेकेंड का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियों में एक युवक बीच सड़क पर एक शिक्षिका के मांग में उसके पिता के सामने सिंदूर भर देता है। लड़के ने मुंह पर रूमाल बांध रखा है जबकि लड़की अपने चेहरे को दुपट्टे से ढंग रही है। लड़का गुस्से में कह रहा है



कि 8 साल साथ रहने के बाद अब शिक्षक बन गई तो शादी नहीं कर रही है। मुझे बर्बाद किया, इसे नहीं छोड़ूंगा। वायरल वीडियो में लड़का अपने साथी से कहता है कि सामान निकालो, आज अगर हम नहीं तो ये भी नहीं, दोनों साथ मरेंगे। लड़की का पिता विरोध करता है और दोनों के बीच हाथापाई हो जाती है। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है लेकिन फर्स्ट बिहार वायरल वीडियो के सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। जानकारी के मुताबिक, पूरा मामला अमरपुर थाना क्षेत्र का है। पीड़ित शिक्षिका ने युवक के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया है और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने बाराहाट के बभनगामा निवासी सोरभ सोनू पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित शिक्षिका का आरोप है कि सौरभ आए दिन उसके साथ छेड़खानी करता है और शादी करने का दबाव बनाता है।
शिक्षिका का कहना है कि बुधवार को वह स्कूल से लौट रही थी, तभी सौरभ ने अपने दोस्त के साथ उसका रास्ता रोका और जबरन मांग में सिंदूर भर दिया। पीड़िता की माने तो दो महीने पहले ही उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने थाने बुलाकार उसे समझाया भी था लेकिन बावजूद आरोपी ने इस तरह की हरकत की है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने थाने में मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## नीतीश कुमार लेने जा रहे बड़ा फैसला? 48 घंटे बाद शुरू होगी JDU की बड़ी बैठक

### आज ही दिल्ली रवाना होंगे नीतीश कुमार

पटना, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने अचानक अपना फैसला बदल लिया है। अब 29 जून को दिल्ली में जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के पहले राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक भी होगी।
वहीं, इस बैठक को लेकर बिहार से दिल्ली तक सियासी हलचल तेज है। यह चर्चा है कि नीतीश कुमार किसी को जदयू का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंप सकते हैं।
जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय कार्यकारिणी सुबह 11 बजे से होनी है। तय कार्यक्रम के अनुसार, सुबह 10 बजे से राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक होगी। नीतीश कुमार शुक्रवार को इन बैठकों में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना होंगे। अब तक राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में नीतीश कुमार कुछ न कुछ



नया निर्णय लेते रहे हैं। लिहाजा उम्मीद है कि इस बार भी कुछ बड़ा निर्णय हो सकता है।
उधर, जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संपन्न हुए आम चुनाव की भी समीक्षा होगी। जदयू की प्रदेश इकाई ने चुनाव संपन्न होने के बाद इसका अध्ययन कराया था। जदयू ने 16 सीटों पर अपने प्रत्याशी दिए थे जिनमें 12 सीटों पर उसे सफलता मिली।
राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इस विषय पर भी चर्चा होगी कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल जदयू मंत्री किस प्राथमिकता के तहत अपना काम करेंगे। नीतीश कुमार के संबोधन के साथ जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक समाप्त हो जाएगी।

### महिला दारोगा ने किया आत्महत्या

## साइबर थाने में तैनात प्रशिक्षु महिला दारोगा ने सल्फास खाकर दी जान

मुजफ्फरपुर, साइबर थाने में तैनात महिला प्रशिक्षु दारोगा दीपिका कुमारी (28) ने गुरुवार को सल्फास खाकर जान दे दी. वह मूल रूप से पटना के रामकृष्ण नगर थाना के रामकृष्ण नगर की थी रहने वाली. उसके पिता राजनंदन प्रसाद ऑटो चालक है. साइबर थाने में 21 जून को पोस्टिंग हुई थी. बेला के लक्ष्मी नारायण कॉलोनी के रोड नंबर पांच में किराये पर कमरा लिया था. उसी में गुरुवार की सुबह उसने जहरीला पदार्थ खा लिया. इसके बाद मित्र सेंट्रल जेल के सिपाही रोहित सिंह को कॉल करके सल्फास खाने की जानकारी दी थी. आनन- फानन में वह मौके पर पहुंचा. प्रशिक्षु दारोगा को कमरे से निकाल कर पहले खादी भंडार स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. सूचना मिलने



पर साइबर डीएसपी, लाइन डीएसपी सहित मिठनपुरा थानेदार पहुंचे. दोपहर को एबुंलेंस से जूरन छपरा स्थित निजी क्लिनिक में ले गए. जहां, कुछ देर तक इलाजरत रहने के बाद उसने दम तोड़ दिया. ब्रह्मपुरा थानेदार सुभाष मुखिया और साइबर थाने में तैनात इंस्पेक्टर अस्पताल पहुंचे. सिटी एसपी अवधेश सरोज दीक्षित भी हॉस्पिटल पहुंच कर छानबीन की. इस बीच मृतक के परिजन भी पटना से पहुंच गए. परिजनों में चीख- पुकार मच गयी. पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार करने के बाद उसके कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

## नेपाल में बारिश के चलते उफान पर बिहार की कई नदियां

### सीतामढ़ी में दो जगहों पर बहा डायवर्सन

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ
बिहार, नेपाल में लगातार हो रही बारिश के कारण बिहार से होकर गुजरने वाली कई नदियां उफान पर हैं। ऐसे में एक बार फिर से लोगों को बाढ़ का खतरा सताने लगा है। भारत नेपाल सीमा से सटे बैरगनिया प्रखंड से पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण को जोड़ने वाली फुलवरिया नदी भी उफान पर है। ऐसे में इसपर बना डायवर्सन टूट गया है जिसके कारण आवागमन बंद हो गया है। वहीं आरसीसी पुल पर बना डायवर्सन भी बह गया है। सीतामढ़ी पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण को जोड़ने वाली फुलवरिया घाट के डायवर्सन के टूट जाने से जहां आवागमन बंद हो गया है, वहीं लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अब लोगों को मुजफ्फरपुर के रास्ते पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जाना होगा। हालांकि सरकार ने नदी पर पुल बनाने को लेकर 4 वर्ष पूर्व ही निविदा निकाला था।



निविदा में सफल ठेकेदार के द्वारा अब तक पुल का निर्माण नहीं किया गया है, जिसके कारण लोगों को डायवर्सन के सहारे ही सीतामढ़ी से पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जाना पड़ता था। हालांकि फुलवरिया घाट से पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जाने पर करीब 30 से 40 किलोमीटर दूरी कम हो जाती है। पड़ोसी देश नेपाल और सीतामढ़ी जिले में दो दिन से हो रही लगातार बारिश के कारण पानी के दबाव से डायवर्सन के टूट जाने से लोगों को अब दूसरे मार्ग से पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जाना पड़ेगा। इसको लेकर लोगों में आक्रोश भी है। इधर भारत नेपाल की सीमा सोनबरसा के जिम नदी पर बने आरसीसी पुल का डायवर्सन टूट गया जिससे डेढ़ दर्जन गांव का सीधा संपर्क टूट गया है। पानी के तेज-बहन के कारण डायवर्सन पानी में बह गया। अब लोगों को दूसरे रास्ते से 5 से 6 किलोमीटर की लंबी दूरी तय कर अपने घर जाना पड़ रहा है।

### रणक्षेत्र में बदल गया बिहार का यह सदर अस्पताल

## पुलिस जवान को गार्ड्स ने जमकर पीटा, मारपीट का वीडियो वायरल

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ
आरा, भोजपुर का आरा सदर अस्पताल देखते ही देखते रणक्षेत्र में बदल गया। यहां एक घायल युवक का इलाज कराने पहुंचे पुलिस जवान को अस्पताल में तैनात सुरक्षा गार्ड्स ने बेरहमी से पिटाई कर दी। बात इतनी बढ़ गई कि एसपी को मौके पर पहुंचना पड़ गया।
दरअसल, आरा सदर अस्पताल का न्यू इमरजेंसी वार्ड उस वक्त रणक्षेत्र में तब्दील हो गया, जब सदर अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों ने डायल 112 के जवान की जमकर पिटाई कर दी। जानकारी के अनुसार डायल 112 के जवान किसी घायल व्यक्ति को लेकर इलाज कराने अस्पताल पहुंचे थे। इलाज कराने को लेकर हुई बहस




के बाद अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों ने डायल 112 के जवान साबीर रजा की जमकर पिटाई कर दी, जिससे पुलिस जवान घायल हो गया। घायल जवान का इलाज अस्पताल में कराया जा रहा है। बता दें कि कि बीते दिनों ही अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों ने अस्पताल के एक चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी की भी पिटाई की थी, जिसका वीडियो वायरल हुआ था। घटना के बाद मौके पर पहुंचे एएसपी परिचय कुमार ने कहा कि वीडियो के आधार पर दोषियों के विरुद्ध कर्रवाई की जायेगी।

### पेड़ से झूलती मिली दसवीं के छात्र की लाश

## पिता बोले- मार कर लटकाया; विरोध में सड़क पर जमकर बवाल

गया जिले के टिकारी थाना क्षेत्र में स्थित राज स्कूल के छात्रावास के पास शुक्रवार को छात्र का शव सूखे पेड़ पर बेल्ट के सहारे लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही टिकारी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। छानबीन के दौरान राज स्कूल के छात्रावास के एक कमरे के पास खून के धब्बे मिले हैं। मृतक छात्र की पहचान कोंच थाना क्षेत्र के कईयाटांड गांव के रहने वाले शत्रुघ्न दास के 16 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार के रूप में की गई।

बताया जा रहा है कि टिकारी राज स्कूल के दसवीं की छात्रा छावनी मोहल्ले में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करता था। बीते गुरुवार को कोचिंग से पढ़ाई कर शाम छह बजे घर आया और बाहर निकल गया। देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजन खोजबीन करने लगे। परिजनों को शुक्रवार की सुबह उक्त स्कूल के छात्रावास के समीप एक सूखे पेड़ पर बेल्ट के सहारे छात्र रौशन का शव लटका मिला।

**सड़क जाम कर आरोपियों की गिरफ्तारी की कर रहे हैं मांग**

वहीं घटना की सूचना मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए। छात्र के शव को गया-टिकारी मुख्य सड़क मार्ग को जाम कर दिया। छात्र की हत्या की आशंका जताई। गुस्साए लोग



रौशन को इंसाफ दिलाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है पुलिस इस मामले को गंभीरता ले और हत्यारे की गिरफ्तारी करे। मृत छात्र के पिता शत्रुघ्न दास का कहना है कि हत्या के बाद शव बेल्ट से बांधकर पेड़ से लटकाया गया है। टिकारी थाने की पुलिस आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और सड़क जाम को हटाया। वहीं पुलिस छात्र के शव का अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। वहीं राज स्कूल के छात्रावास खाली रहने के कारण इन दिनों नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिदिन रात्रि में असामाजिक तत्वों का जमघट रहता है। हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। वहीं पुलिसिया जांच के क्रम में छात्रावास के एक कमरे के पास से छात्र रौशन का मोबाइल बरामद किया, उस दौरान मोबाइल फोन पर गाना बज रहा था। वहीं पुलिस को उस जगह पर खून के कई धब्बे मिले।

## प्राइवेट टीचर पिता कर रहे दारोगा की तैयारी, कैंसर पीड़ित नौ साल का बेटा बना एक दिन का एडीजी

वाराणसी जोन के एडीजी कार्यालय में मंगलवार यानी 25 जून को महज 9 साल के एक बच्चे ने सशस्त्र एडीजी का चार्ज संभाला। बच्चा कैंसर पीड़ित है और वह आईपीएस अफसर बनने की चाहत रखता है। बच्चे के इस सपने को पूरा करने के लिए वाराणसी जोन के एडीजी पीयूष मोर्डिया ने उसे एक दिन के लिए कार्यभार सौंपा। जिसकी खबर सामने आते ही बिहार के सुपौल जिले में भी खुशियां मनाने लगे। दरअसल, बिहार के सुपौल जिला अंतर्गत प्रतापगंज प्रखंड क्षेत्र के तेकुना वार्ड 6 निवासी रंजीत कुमार दास का 9 वर्षीय पुत्र प्रभात कुमार भारती ब्रेन ट्यूमर का मरीज है। पिता रंजीत गांव में ही संचालित कोचिंग सेंटर में पढ़ाते हैं। साथ ही वह बिहार दारोगा की तैयारी में भी जुटे हैं। रंजीत बताते हैं कि प्रभात गांव के ही विद्या निकेतन स्कूल में पढ़ाई करता है। बीते फरवरी माह में अचानक स्कूल में ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद स्थानीय स्तर पर कई डॉक्टरों की सलाह ली। लेकिन जब बात नहीं बनी तो ब्रेन ट्यूमर की जानकारी मिलने के बाद प्रभात को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर मेडिकल कॉलेज के कैंसर वार्ड ले जाया गया। हालांकि वहां भी कम उम्र के बच्चों के लिए बेहतर व्यवस्था नहीं थी। ऐसे में डॉक्टरों की सलाह पर प्रभात को वाराणसी स्थित टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।